MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Neeraj Dangi: Dr. John Brittas (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala) and Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala).

Shri Sanjay Singh; not present. Now, Dr. Dinesh Sharma. माननीय दिनेश जी, आप approved text ही पढ़ सकते हैं।

### Demand for direct train services from Lucknow to various other railway stations

**डा. दिनेश शर्मा** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, लखनऊ की जनता की महत्वपूर्ण माँग को उठाने की अनुमति देने के लिए आपका कोटिशः धन्यवाद।

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी, अपने सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के नागरिकों की प्रबल इच्छा है कि लखनऊ से श्रीमाता वैष्णो देवी मंदिर (कटरा), श्री खाटू श्याम मंदिर (रिंगस रेलवे स्टेशन, सीकर, राजस्थान), श्री महाकालेश्वर मंदिर (उज्जैन) और शिरडी साई मंदिर (महाराष्ट्र) के लिए सीधी ट्रेन सेवाएँ शुरू की जाएँ। ये स्थल प्रमुख हिन्दू तीर्थ स्थान हैं। लखनऊ से लाखों श्रद्धालु इन स्थलों की यात्रा करते हैं। सीधी ट्रेन सेवाओं के अभाव में यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे यात्रा कठिन और समयसाध्य हो जाती है। सीधी ट्रेन सेवाएँ यात्रा को सरल और सुविधाजनक बनाएँगी। सीधी ट्रेन सेवाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लखनऊ से यात्रा करेंगे, जिससे शहर के होटल और पर्यटन उद्योग को आर्थिक लाभ होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वर्तमान में लखनऊ से इन स्थलों तक पहुँचने के लिए यात्रियों को कई चरणों में यात्रा करनी पड़ती है, जिससे समय और ऊर्जा व्यर्थ होती है। सीधी ट्रेन सेवाओं से समय की बचत होगी और यात्रा आरामदायक हो जाएगी। लखनऊ से इन स्थलों के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करना रेलवे की इस पहल का महत्वपूर्ण कदम होगा।

माननीय उपसभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से माँग करना चाहता हूँ कि लोक महत्व के इस विषय को देखते हुए लखनऊ से इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए सीधी ट्रेन चलाई जाए।

### Demand for further improvement of facilities of Bharat Sanchar Nigam (BSNL) in Uttarakhand

**श्री महेंद्र भट्ट** (उत्तराखंड): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तराखंड के अंदर भारतीय संचार निगम द्वारा दी जाने वाली मोबाइल एवं इंटरनेट सुविधाओं में और अधिक सुधार करने की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदय, पहाड़ी राज्य होने के कारण दूर-दराज के गांवों को आज की संचार क्रांति से जोड़ने के उद्देश्य से, राज्य के 6,000 अतिरिक्त गांवों को संचार सुविधा से जोड़ने का निश्चय किया गया था, परंतु मेरी जानकारी के अनुसार अभी तक लगभग 2,000 गांवों को ही इस सुविधा से

जोड़ा जा सका है।

बीएसएनएल द्वारा 1,206 नए टावर्स लगाने के लक्ष्य को भी अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है और दूर-दराज के क्षेत्रों में जो टावर्स लगे हैं, उनके द्वारा मोबाइल कनेक्टिविटी सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है।

महोदय, आज के संचार युग में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवागमन भी दूरसंचार एवं इंटरनेट नेटवर्किंग पर सर्वाधिक निर्भर हो गया है। मेरे राज्य में जहां भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को संचालन के लिए बीएसएनएल कनेक्टिविटी पर निर्भर रहना पड़ता है, वहीं सीमा पर तैनात आइटीबीपी को भी आज इन्टरनेट एवं फोन की आवश्यकता रहती है। अतः मैं लोक-महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए उत्तराखंड राज्य के दूर-दराज के गांवों में बीएसएनएल मोबाइल सुविधा को दुरुस्त करने एवं उपभोक्ताओं को 4G कनेक्टिविटी का लाभ देने की मांग करता हूं।

**श्री उपसभापति :** धन्यवाद, माननीय महेंद्र भट्ट जी। माननीय श्री संजीव अरोड़ा, अनुपस्थित। माननीय डा. के. लक्ष्मण, अनुपस्थित। माननीय श्री प्रकाश चिक बाराईक।

**Demand for giving ST Status to 11 left out castes of Gorkha Community and giving exemption to Gorkha brothers of the whole country in paramilitary forces**

**श्री प्रकाश चिक बाराईक** (पश्चिमी बंगाल) : महोदय, मैं आज गोरखा समुदाय के 11 छूटे हुए उप-समूहों से संबंधित एक लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

पूरे देश में 1.25 करोड़ गोरखाओं की महत्वपूर्ण आबादी होने के बावजूद, वे अनुसूचित जनजाति के दर्जे और इसके लाभ से वंचित हैं। हम गोरखा समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हमारे राष्ट्र में उनके योगदान से परिचित हैं। मैं सरकार से इन 11 छूटे हुए उप-समूहों जैसे- Rai, Limbu, Tamang, Gurung, Mangar, Sunuwar, Thami, Bhujel, Newar, Jogi एवं Dewan को एसटी का दर्जा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करता हूं। इसके साथ ही, मैं आपके माध्यम से Gorkhaland Territorial Administration (GTA) की तरह पूरे देश में, भारत-भर में रहने वाले गोरखाओं के लिए, अर्द्ध-सैनिक बलों की भर्ती में उनको लंबाई में छूट देने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह करता हूँ ।

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद, माननीय श्री प्रकाश चिक बाराईक जी। माननीय डा. भागवत कराड़ जी।

**Concern over water scarcity in Marathwada Region**

DR. BHAGWAT KARAD (Maharashtra): Sir, in my constituency of Maharashtra, the Marathwada region is a drought prone area of the State, facing a problem of water scarcity each year. The Marathwada region has only 1,688 Cubic Meter of water per